जिला बाल वाहिनी संयोजक समिति की बैठक हुई

टोंक । पुलिस अधीक्षक संजीव नैन की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में जिला बाल वाहिनी संयोजक समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सदस्य सचिव एवं जिला परिवहन अधिकारी ने बाल वाहिनी से संबंधित नियमों एवं योजना की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बस, वैन, कैब एवं ऑटो के पीछे विद्यालय का नाम व फोन नंबर अनिवार्य रूप से अंकित किया जाए। बस के अंदर वाहन चालक का नाम, पता, लाइसेंस नंबर, वेज नं., वाहन स्वामी का नाम व मोबाईल नंबर, चाइल्ड हेल्प लाइन, यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग हेल्प लाइन तथा वाहन का पंजीयन क्रमांक कॉन्ट्रास्ट रंग में स्पष्ट रूप से लिखा हुआ हो। वाहन चालक को वाहन चलाने का 5 साल का अनुभव एवं 5 वर्ष पुराना वैध ड्राइविंग लाइसेंस हो। चालक के पास वाली सीट पर 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों का परिवहन नहीं किया जाएं। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि ऐसे वाहन मोटर वाहन नियमों की अनुपालना करेंगे तथा फिटनेस, बीमा, ड्राइविंग लाइसेंस, प्रदूषण प्रमाण पत्र, पंजीयन प्रमाण पत्र अपने पास अनिवार्य रूप से रखेंगे।

सुजल महिला महासंघ ने मनाया हरियाली तीज महोत्सव

अलवर। सतत् जल प्रबंधन परियोजना सुजल महिला महासंघ द्वारा ग्राम पंचायत नेथला के कोठी का बास व निठारी में हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिन्दुजा फाउंडेशन और अशोक लीलैंड के चेयरमैन पोल इब्राहिम व डायरेक्टर नियती सरीन और अंबुजा फाउंडेशन के महाप्रबंधक मनोज अग्रवाल ने शिरकत की। इस अवसर पर महिलाओं ने उनका तिलक लगाकर स्वागत किया।

सतत जल प्रबंधन परियोजना के तहत हिंदुजा फाउंडेशन और उनकी सहयोगी संस्थाएं गांव-गांव में जल संरक्षण सहित महिला स्वरोजगार की योजनाओं को चला कर महिलाओं को सशक्त बना रही है सुजल महिला महासंघ की अध्यक्ष संगीता ने बताया कि उनकी संस्था में करीब साढ़े पांच सौ से ज्यादा महिलाएं है जो गांवों में जल संरक्षण सहित महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही है। उन्होंने हिंदुजा फाउंडेशन और उनकी सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज हमारी सभी महिलाएं आत्मनिर्भर बन गई है हम पानी का संरक्षण कर रही ताकि भविष्य में पेयजल संकट से बचा जा सके। हिन्दुजा फाउंडेशन के चेयरमेन पोल इब्राहिम ने बताया कि हमारा लक्ष्य देश भर की ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें स्वस्थ रखना है जिसके लिए जल संरक्षण की आवश्यकता है क्योंकि महिलाओं का ज्यादातर समय घर के कामकाज और पेयजल की व्यवस्था करने में निकल जाता है।

जिसके चलते महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का सपना पूरा नहीं हो पाता इसलिए सतत जल प्रबंधन योजना के तहत हम पूरे देश में इस प्रकार की योजना चला रहे है जिससे महिलाओं का उत्थान हो सके। इसके लिए गांव गांव जल स्टोर के लिए टांके बनाए जा रहे है जिससे जल को सुरक्षित किया जा सके। इस अवसर पर सुजल महिला महासंघ की सदस्य, अशोक लिलेण्ड के एचआर गोपीनाथ, गौरव खण्डेलवाल जोनल मैनेजर अंबुजा फाउंडेशन, आदित्य प्रताप परियोजना समन्वयक, विषणु कुमार, सचिन सैनी, यातिका कुमारी, शेर सिंह, राजेष, हरी सिंह सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

ग्राम पंचायत नेथला के कोठी का बास व निठारी में हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन किया गया।

व्यापारी व किसान बरसाती पानी में सब्जियां रखकर कर रहे है व्यापार

निवाई । झिलाय रोड पर स्थित थोक फल सब्जी मंडी में मूलभूत सुविधाओं का अभाव होने के कारण फल सब्जी विक्रेताओं एवं किसानों को परेशानी उठानी पड रही है। क्षेत्र में मानसून सक्रिय होने के कारण लगातार बरसात हो रही है। फल सब्जी मंडी परिसर में बने हुए प्लेटफार्म के सामने टीनशेड लगे हुए नहीं होने के कारण किसानों को बरसात में भीगते हुए सब्जियां बेचने को मजबूर होना पड रहा है।

मंडी प्रशासन द्वारा हाल ही में सीसी रोड का निर्माण करवाया है। लेकिन आढतियों की दुकानों के बाहर टीनशेड नहीं लगाए हैं। जिससे मंडी परिसर में ग्रामीण क्षेत्र से फल-सब्जी लेकर आने वाले किसानों को खुले में भीगते हुए सब्जियां बेचनी पड रही हैं।

मंडी व्यापारियों ने बताया कि सडक बनाने से पूर्व मंडी में बारिश व धूप से बचाव के लिए छाया का इंतजाम था। सडक निर्माण के दौरान उक्त व्यवस्था को हटा दिया और सीसी रोड बना दिया गया। उन्होंने बताया कि सडक के निर्माण से पूर्व कृषि मंडी सचिव द्वारा सडक़ निर्माण के बाद वापस छाया करने का आश्वासन दिया था। लेकिन सडक़ निर्माण होन के बाद भी छाया की व्यवस्था नहीं की गई।

व्यापारियों ने बताया कि सचिव को छाया करवाने के लिए कहा गया तो उन्होंने इनकार कर दिया। जिससे किसानों की सब्जियां खराब हो रही हैं। सडक निर्माण के दौरान ठेकेदार द्वारा ठीक तरह से सडक का लेवल नहीं किया गया। जिसकी वजह से सडक पर पानी भरा रहता है और पानी में बैठकर कर ही किसानों को सब्जियां बेचनी पड रही हैं।

थोक फल सब्जी मंडी में सड़क पर भरे हुए पानी में रखे हुए सब्जियां के कैरेट।

तबादले पर हाई कोर्ट ने लगाई आदेश पर रोक

शाहपुरा । नीमकाथाना जिले के अजीतगढ़ ब्लॉक की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढाबावाली में वरिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत कार्मिक का एक दिन में दो बार तबादला करने के मामलें से जुडी याचिका की हाई कोर्ट ने सुनवाई कर उसके तबादला आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है तथा स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख शासन सचिव माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक एवं चुरू संभाग के संयुक्त निदेशक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढाबावाली में कार्यरत कमल कांत वर्मा ने एडवोकेट संदीप कलवानिया के जरिए दायर की गई याचिका में बताया कि चुरू संभाग के संयुक्त निदेशक ने 10 जून 2024 को कनिष्ठ सहायक से वरिष्ठ सहायक के पद पर पदोन्नित की गई थी। इस आदेश में प्रार्थी को कनिष्ठ सहायक से वरिष्ठ सहायक के पद पर पदोन्नित दी गई। विभाग ने पदोन्नित आदेश की पालना में पदोन्नत हुए कार्मिकों को वर्तमान में कार्यरत स्थान पर ही कार्यग्रहण करने के निर्देश दिए गए थे।

जिसकी पालना में प्रार्थी ने वरिष्ठ सहायक के पद पर ढाबावाली स्कूल में ही कार्यठाहण कर लिया था और कार्यग्रहण करने की रिपोर्ट विभाग को भेज दी गई थी। इसके पश्चात संयुक्त निदेशक, चुरू ने एक महीने बाद ही 31 जुलाई को आदेश जारी कर प्रार्थी को यथावत ही ढाबावाली स्कूल में रिक्त पद पर पदस्थापित कर दिया लेकिन विभाग ने इस आदेश में 31 जुलाई को ही संशोधन कर दिया और प्रार्थी को दूरस्थ स्थान पर जिले से बाहर पदस्थापित कर दिया।

घर-घर फहराये तिरंगें

कोटपूतली । जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में उत्सव का माहौल बने और गर्व की भावना का संचार हो, इसके लिए 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के आयोजन के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किये। गुरूवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने पंचायत समिति के डीओआईटी वीसी कक्ष में जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए निर्देश दिये कि अभियान के तहत जिले भर में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, तिरंगा दौड़ एवं मैराथन, तिरंगा कॉन्सर्ट्स, तिरंगा कैनवास, तिरंगा प्लेज, तिरंगा सेल्फी, तिरंगा ट्रिब्यूट एवं तिरंगा मेलों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को अभियान की तैयारियों की नियमित मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिले से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें। उन्होंने तिरंगा रैली में बाईक, कार एवं साईकिल के साथ ही ग्रामीण स्थानों पर ट्रैक्टर शामिल करने तथा कार्यक्रमों की सम्पूर्ण व्यवस्था मौसम को ध्यान में रखकर करने के निर्देश दिये।

न्याय तिरंगा यात्रा आज

कोटपूतली । अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई व राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत के निर्देशानुसार क्रांन्ति दिवस पर शुक्रवार को सेवा दल भारत न्याय तिरंगा यात्रा निकालेगा। जिला कांग्रेस सेवा दल कोटपूतली-बहरोड़ द्वारा शहीदों की याद में तिरंगा न्याय यात्रा का आयोजन किया जायेगा। सेवादल के जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव के नेतृत्व में शहीदों को श्रद्धांजलि दी जायेगी। वहीं मोरीजावाला धर्मशाला से पंचायत समिति तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें जिला सेवा दल के प्रभारी कविकुल शर्मा, जयपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष गोपाल मीणा, जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता, कांग्रेस पार्टी के सभी संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। जिसको लेकर गुरूवार को जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान संजीव गर्ग, महेश यादव, गगन, महेश आर्य, हवाई मास्टर समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जनसमस्याओं का जल्द निबटारा किया जा रहा है : एस.डी.एम.

टोंक । उपखंड अधिकारी टोंक राहुल सैनी ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार सभी अधिकारी एवं कार्मिक परिवादियों की समस्याओं का गंभीरता एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने बताया कि माह के हर द्वितीय गुरुवार को उपखंड स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन कर आमजन की शिकायतों का त्वरित समाधान किया जा रहा है। उन्होंने गुरुवार को उपखंड टोंक के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई में परिवादियों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर परिवादियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं से रूबरू होकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

उन्होंने जनसुनवाई में मौजूद अधिकारियों से कहा कि जनसुनवाई में आए प्रकरणों को संपर्क पोर्टल पर दर्ज करें। जनसुनवाई में उपखंड अधिकारी के निजी सहायक मनजीत वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक राजेश विद्यार्थी, तहसीलदार रामधन गुर्जर, पंचायत समिति टोंक के अतिरिक्त विकास अधिकारी छोटू लाल जाट, सीबीईओ सीताराम गुप्ता, सीडीपीओ किरण मीणा समेत ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

आवेदन पत्र आमंत्रित : राज्य सरकार द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम क्षेत्र इकाइयों को समृद्ध करने के योगदान को चिन्हित करने, बुनकर एवं हस्तशिल्पियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राजस्थान उद्योग रत्न पुरस्कार योजना शुरू की गई है।

योजना के तहत तीन वर्ष या अधिक समय से कार्यरत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को चार श्रेणियों में 12 राजस्थान उद्योग रत्न पुरस्कार एवं 1-1 राजस्थान हस्तशिल्प रत्न एवं राजस्थान बुनकर रत्न पुरस्कार देने का प्रावधान है। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने सुलतान सिंह मीना ने बताया कि चयनित उद्यमी को 1 लाख के नकद पुरस्कार के साथ प्रशस्ति पत्र व शॉल भेंट कर सम्मानित किया जायेगा। महाप्रबंधक ने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 23 अगस्त है। पूर्व में आवेदन करने वाले उद्यमियों को दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

उपखंड अधिकारी टोंक राहुल सैनी ने अधिकारियों की बैठक ली।

सार-समाचार

रक्तदाताओं ने 225 यूनिट किया रक्तदान

श्रीमाधोपुर । रींगस कस्बे के एन एच 52 पर स्थित डॉ. आर .एस जाखड एवं टीम द्वारा संचालित जे.डी. हॉस्पिटल एण्ड ट्रोमा सेन्टर रींगस में स्वर्गीय श्रृंगारी देवी जाखड की 14 वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ अध्यक्ष मुखाराम जाखड़ एवं निदेशक डॉ. आर.एस. जाखड सीनियर फिजिशियन द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया । मुख्य अतिथि विधायक सुभाष मील रहे। इस दौरान अतिथियों ने रक्तदाताओं को फल, नाश्ता एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर के दौरान उपस्थित लोगों को जे.डी हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर आर एस जाखड़ ने कहा कि नियमित रक्तदान से शरीर में आयरन की मात्रा संतुलित रहती है, ब्लड प्रेशर सामान्य, कैंसर जैसे घातक रोगों के होने का खतरा कम , हार्ट अटैक की संभावना कम, नए ब्लड सेल्स बनने लगते हैं, मोटापे से बचाव, लीवर स्वस्थ , कोलेस्ट्रोल का लेवल संतुलित, रक्तदान से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता में बढ़ोतरी होती है । इतना ही नहीं मानव जीवन को बचाने में अहम योगदान रहता है। साथ ही कहा कि कैथ लैब एवं न्यूरो सर्जरी का डिपार्टमेंट भी जल्द ही शुभारंभ होने वाला है जिससे आसपास के दर्जनों गांवों को अच्छी सुविधा मिलेगी।

क्रिकेट प्रतियोगिता 11 को

दौसा । जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोतिता ट्रायल 11 अगस्त रविवार से राजेश पायलट स्टेडियम में प्रात: 10बजे से आयोजजत होगी। इस प्रतियोतिता में वही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिनकी उम्र 16वर्ष से अधिक हो। जिला क्रिकेट संघ के सचिव बृजकिशोर उपाध्याय ने बताया कि इस बार आरसीए ने खिलाडियों और अभिभावकों के लिए गाइड लाइन जारी की है । सभी खिलाडियों का मेडिकल टेस्ट किया जायेगा। जिससे सभी खिलाडियों का उम्र का मूल्याकन सही किया जा सके। बृजकिशोर उपाध्याय ने बताया कि जिला टीम में अधिकांश बाहर के भी खिलाडी भाग ले रहे है।

ध्वज पूजा कर यात्रा रवाना

दूदू । जिले के अधीन ग्राम अखैपुरा से वीर तेजाजी धाम सुरसुरा के लिए 19 वीं पैदल यात्रा धूमधाम से ध्वज पूजा कर रवाना की गई । इस दौरान रंग-बिरंगे परिधानों में महिलाएं पुरुषों ने डीजे के साथ भजन कीर्तन करते हुए यात्रा रवाना की पैदल यात्रियों का जगह-जगह स्वागत किया गया सुरसुरा धाम पर यात्री पहुंचकर ध्वज चढ़ाएंगे साथ ही क्षेत्र की खुशहाली की कामना करेंगे फोटो ध्वज के साथ रवाना हुए थे पैदल यात्री इसके अलवा जिला मुख्यालय पर वार्ड संख्या 19 की पार्षद कमला देवी कुमावत के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर गोपाल परिहार को ज्ञापन सौंपकर वार्ड में नियमित जलापूर्ति करवाने एवं खराब पड़े हैंड पंप की मरम्मत करवाने की मांग की । इस दौरान समाजसेवी राम प्रकाश पारीक रमेश कसाना लक्ष्मण दरोगा चंदा देवी रेखा जांगिड़ सहित कॉलोनी वासी मौजूद रहे ।

भाजपा मंडल की बैठक आज

निवाई । श्री दादू दयाल गोशाला बोंली रोड भैरुपूरा किवाड़ा में शुक्रवार को दोपहर 2 बजे भारतीय जनता पार्टी नटवाडा मंडल की बैठक आयोजित होगी। मंडल अध्यक्ष अध्यक्ष दयाराम जाट ने बताया कि बैठक में जिला अध्यक्ष अजीतसिंह मेहता एवं विधायक रामसहाय वर्मा सहित भाजपा वर्तमान व पूर्व पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, शक्ति केन्द्र संयोजक, बुथ अध्यक्ष एवं वरिष्ठ व श्रेष्ठ कार्यकर्ता भाग लेंगे।

आवेदन प्रक्रिया पुनःशुरू

निवाई । राजकीय महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष के प्रवेश आवेदन प्रक्रिया पुन: चालू की गई है। नोडल प्राचार्य डॉ. दीपकराज जैन ने बताया कि स्नातक प्रथम वर्ष के प्रवेश आवेदन प्रक्रिया पुन: चालू की गई है। प्रवेश नोडल प्रभारी प्रोफेसर मदनमोहन महावर ने बताया कि शेष रहीं रिक्त सीटों पर सभी श्रेणियों में कला संकाय व जीव विज्ञान संकाय व गणित में पुन: ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 अगस्त है। जिन्होंने पूर्व में आवेदन नहीं किया है। उन्होंने बताया कि पूर्व के डिफाल्टर छात्र भी पुन: आवेदन कर सकते हैं।

12वीं पदयात्रा रवाना

निवाई । ग्राम पंचायत पराना में बालाजी पदयात्रा संघ के तत्वावधान में गुरुवार को चारभुजा नाथ मंदिर से बालाजी महाराज के लिए 12वीं पदयात्रा एक-दो-तीन चार बालाजी की जय जयकार के साथ मंदिर के पुजारी रामकिशन पाराशर के सानिध्य में पण्डित भागचंद शर्मा द्वारा विधिवत ध्वजपूजन करने के बाद रवाना हुई एवं पदयात्रा में शामिल पदयात्री भजनों पर नाचते -गाते हुए रवाना हुए पदयात्रा संयोजक सरपंच गिरिराज बूरी ने बताया कि गुरुवार की सुबह सभी ग्रामीण चारभुजा जी के मंदिर परिसर में एकत्रित होकर पदयात्रा के ध्वज का विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया एवं इसके बाद बालाजी महाराज की प्रतिमा को फूलों से सजें धजे रथ में विराजमान कर गांव में भ्रमण करवा कर पदयात्रा का शुभारंभ किया। पदयात्रा में महिलाएं रंग बिरंगे वस्त्र पहन कर मंगल गीत गाती एवं माता के जयकारे लगाती हुई चल रही थी। इससे पूर्व ग्रामीण पंच पटेलों ने पदयात्रा की सफलता के लिए पथवारी माता का पूजन कर महाआरती की। सायं को बालाजी महाराज के चरणों में ध्वज समर्पित कर प्रदेश में सुख समृद्धि की कामना करेंगे। इस दोरान छीतर बूरी, प्रेमशंकर जांगिड़, सुरेश बूरी, हनुमान बूरी, विनोद माडिया, सुरेश बूरी, जगदीश बूरी, विष्णु पाराशर सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

कॉलेज में होगा वृक्षारोपण

अलवर । माता सुदीक्षा जी महाराज एवं पूज्य निरंकारी राजपिता रमित जी के दिव्य मार्गदर्शन एवं पवन आशीर्वाद से संत निरंकारी मिशन द्वारा पर्यावरण के संरक्षण हेतु वन नेस वन नामक मेगा वृक्षारोपण परियोजना का आरंभ किया गया इस परियोजना का लक्ष्य वृक्षों के समूह का रोपण एवं उनकी देखभाल करना था जिसके स्वरूप में अब वर्ष दर वर्ष निरंतर बढ़ोतरी हो रही है इसी क्रम में अलवर में जिला संयोजक सोमनाथ जी के मार्गदर्शन व सेवा दल संचालक सिली राम जी की देखरेख में वन नेस वन प्रोजेक्ट के अंतर्गत यह कार्यक्रम 11 अगस्त रविवार को जीडी कॉलेज में प्रात: 7-00 बजे से आयोजित किया जाएगा 7इस कार्यक्रम में सभी सेवा दल के भाई बहन सहित संगत के सभी सदस्य सम्मिलित होकर अपना योगदान करेंगे संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि 2021 में आयोजित वन नेस वन परियोजना के प्रथम चरण के अंतर्गत संपूर्ण भारतवर्ष में लगभग डेढ़ लाख के करीब वृक्षारोपण किया गया।

जलभराव से उपजिला अस्पताल परिसर बना तालाब, मरीज परेशान

पावटा। लगातर हो रही बारिश से जहाँ किसानों के चेहरे पर खुशी है। तेज धूप और गर्मी से लोगों को भले ही राहत मिली है। लेकिन लगातार हो रही बारिश की वजह से अब कई तरह की समस्याओं का भी सामना लोगों को करना पड रहा है। उपखंड पावटा का तो बुरा हाल है। लगातार सावन माह की झमाझम बारिश ने पावटा कस्बे की सूरत बिगाड दी है। उपखंड पावटा का उपजिला अस्पताल परिसर जलमग्न है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से अस्पताल गेट के सामने से अंदर परिसर तक जलभराव है।

जिससे अस्पताल आने-जाने वाले मरीजों व तीमारदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। लोग गंदे पानी से होकर निकलने के लिए मजबूर हैं। उप जिला अस्पताल पावटा परिसर में बने पार्किंग में पानी भरा होने से वाहनों को खडा करने की कोई व्यवस्था नहीं है। लोग वाहनों को अस्पताल गेट के सामने ही खडा कर चले जाते हैं। जलभराव के चलते गंभीर बीमारियां फैलने का भी खतरा है। वहीं उपजिला अस्पताल पर उपखंड पावटा क्षेत्र के लोग अपनी बीमारी का इलाज कराने आते हैं।

लेकिन पानी की नजाकत ने अस्पताल परिसर को ही बीमार बना रखा है। झमाझम बारिश से कस्बे में विभिन्न स्थानों पर जलभराव की समस्या बन जाती है। सबसे ज्यादा समस्या उप जिला अस्पताल परिसर, सुभाष चौक, सर्विस रोड सहित कॉलोनियों मे है। वहीं कस्बे के सुभाष चौक मे गंदा पानी भरा होने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। इसी रास्ते से होकर अपने गंतव्य लोगों का आना-जाना है। बता दे कि इस तरह की परेशानियो के लिये अधिकारी भी जिमेदार हैं। बरसात लगने से पहले मूलभूत सुविधाएं जैसे शिक्षा व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहकर स्कूलों व अस्पताल भवनों का निरीक्षण किया जाना चाहिये और उचित व्यवस्था किया जाना चाहिये परंतु बरसात के मौसम में अधिकारी अपने महंगे कुर्सी का आनंद लेते बैठे हुये हैं ऐसे में आम नागरिकों को सुविधाएं कैसे मिल पायेगी।

पावटा स्थित अस्पताल परिसर में भरा पानी ।

■ पानी की नजाकत ने अस्पताल परिसर को ही बीमार बना रखा है

कैदियों व स्टाफ की टीबी की जांच

सांभरझील, (निसं)। डब्लूजेसीएफ व डब्लूवीवाई के माध्यम से सी 19 आरएम प्रोजेक्ट हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन के द्वारा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन सांभर उपकारागार में आयोजित किया गया। उक्त जांच में सहयोग हेतु मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर ग्रामीण के निर्देश पर स्थानीय बीसीएमएचओ की ओर से इसके लिए चिकित्सीय स्टाफ की टीम को भी भेजा गया। इस दौरान स्वास्थ्य संबंधी जांच हेतु शिविर स्थल पर संबंधित चिकित्सा संस्थान द्वारा आवश्यक उपकरण भी उपलब्ध करवाए गए। शिविर में बीपी, डायबिटीज, बीएमआई, और चेस्ट एक्स-रे की जांच की गई। वर्ल्ड विज़न इंडिया की तरफ से सी 19 प्रोग्राम के अंतर्गत टीबी,स्क्रीनिंग ओर एक्सरे कैंप के दौरान जिला सुपरवाइजर ज्योति शर्मा के निदेशन में कम्युनिटी कोऑर्डिनेटर अनिल शर्मा, रेडिओग्राफर किशन सैनी, केदार, आशीष पारीक, नवीन पंजाबी, कमलेश कुमार का विशेष योगदान रहा। सभी विचाराधीन केदियों व स्टाफ के सभी सदस्यों की निशुल्क जांच की गयी। जांच के दौरान 80 बेनिफिसिशरी की जांच की गयी।

प्रतियोगिता में मॉडल स्कूल निवाई का रहा दबदबा

निवाई । राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के तत्वावधान में क्लस्टर स्तरीय सोशल साइंस फेयर प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानंद विद्यालय निवाई का दबदबा रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल लालसोट दौसा में किया गया था। मॉडल स्कूल क्लस्टर 8 की इस प्रतियोगिता में टोंक, जयपुर, केकड़ी, दूदू व दौसा जिले के मॉडल विद्यालयों ने भाग लिया।

उन्होंने बताया कि सोशल साइंस फेयर में मॉडल प्रतियोगिता तथा वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन होता है। जिसमें प्रत्येक विद्यालय से चार छात्र भाग लेते है। जिनमें दो छात्र मॉडल प्रतियोगिता तथा दो वाद विवाद प्रतियोगिता के पक्ष व विपक्ष में भाग लेता है। इन दोनों ही प्रतियोगिताओं में मॉडल स्कूल निवाई के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि मॉडल प्रतियोगिता में हर्षवर्धनसिंह जैसावत तथा मोहित पोसवाल एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता के पक्ष में राशि कुल्हेरी तथा विपक्ष में शीतल शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

विजेता टीम का विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य एवं विद्यालय परिवार ने तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रतियोगिता प्रभारी जिशान अहमद, कुंती शर्मा, उप प्रधानाचार्य ललितकुमार बेनीवाल, व्याख्याता विनोदकुमार शर्मा, योगेशकुमार शर्मा, कमलसिंह कसाना, विकास गुर्जर, अंकिता राजावत, रमेशचंद मीना, हनुमानप्रसाद गुर्जर, मदनमोहन मीणा, सुनीता गुर्जर, सुदेशबाई, पूजा चंदेला, आरती तिवारी, सोनू सोनी, दिव्या शर्मा, अमित शर्मा व निकलेस सैन सहित समस्त स्टाफ मौजूद थे।